डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः **COE/410/2023** दिनांकः **24-06-2023**

अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 23.06.2023 में सर्वसम्मति से निम्नवत् महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैः–

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रम के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर मई–2023 की परीक्षाऐं सत्र नियमित के दृष्टिगत ओ0एम0आर0 (बहुविकल्पीय) पर कराये जाने की सहमति प्रदान की गयी। जिसमें 100 प्रश्न होगें तथा 75 प्रश्न समय 02 घंटे में हल करना अनिवार्य होगा, 75 से अधिक प्रश्न हल करने पर आरम्भ के केवल 75 प्रश्नों को ही मूल्यांकित किया जायेगा।
2. एम0एड0 पाठयक्रम वर्ष 2023 की परीक्षा विस्तृत/निबन्धात्मक पैटर्न पर जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित कराये जाने की अनुमति सहर्ष प्रदान कर दी गयी है।
3. वार्षिक प्रणाली के स्नातक अन्तिम वर्ष तथा परास्नातक अन्तिम वर्ष के जो परीक्षार्थी स्नातक की द्वितीय वर्ष व परास्नातक की प्रथम वर्ष की पुनः परीक्षा में सम्मिलित हुये है, ऐसे परीक्षार्थियों को अन्तिम वर्ष की परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित होने की अनुमति इस आशय के साथ प्रदान कर दी गयी कि उनका अन्तिम वर्ष का परीक्षा परिणाम पुनः परीक्षा के परिणाम के अधीन रहेगा, साथ ही परीक्षा समिति द्वारा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यो को निर्देशित किया गया है कि वह ऐसे पुनः परीक्षा के परीक्षार्थी जिनका प्रवेश पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने के कारण नही किया गया है, को भी औपबन्धिक प्रवेश देते हुये अन्तिम वर्ष का परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
4. स्नातक पाठ्यक्रम के वर्ष 2015 से 2022 के अन्तिम वर्ष के विभिन्न पाठयक्रमों के ऐसे अभ्यर्थी जो अपने किन्हीं एक विषय के एक प्रश्नपत्र अथवा दो प्रश्नपत्रों तथा परास्नातक पाठ्यक्रम के वर्ष 2017 से 2022 तक के अन्तिम वर्ष के अभ्यर्थी जो एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण होने के कारण अपनी उपाधि पूर्ण नही कर पाये है, ऐसे अन्तिम वर्ष के अभ्यर्थियों को विशेष परीक्षा शुल्क रू0 5000/– के साथ पाठयक्रम पूर्ण करने हेतु स्पेशल पुनः परीक्षा की छात्रहित में वर्तमान पाठयक्रम व परीक्षा पैटर्न के अनुसार विकल्प देते हुये अनुमति प्रदान कर दी गयी है।

सम्बन्धित से अपेक्षा की जाती है कि उक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को सूचित कराने का कष्ट करें।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा)/अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
3. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति जी के संज्ञनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. एजेन्सी 2023 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की कालेज लॉगइन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
8. एजेन्सी 2015–22 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक